**आवश्यकता है**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

**कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।**

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

9425105928, 8319964648



डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 286 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 30 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया







नेहरू बस स्टैंड व बीपीएल चौराहे पर है केंद्र...

# अब शहर में नहीं दिखते सहायता केन्द्र..!

## रात्रि में गश्ती पर उठते रहे हैं सवाल, बीपीएल चौराहे पर जरूर है पाइन्ट

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने की गरज से खाकी वर्दी के सहायता केन्द्र खोले गए थे। लेकिन, ये सहायता केन्द्र अब दिखते ही नहीं है। अपराधों पर कंट्रोल करने और पीड़ितों को तत्परता से मदद मिले, इसके लिए पूर्व के पुलिस अधिकारियों ने शहर में कई जगह सहायता केन्द्र खोले थे। समय बीतने के साथ ही ये केन्द्र गुमनाम हो गए हैं। जबकि शहर में संजीत नाका, अभिनंदन नगर, मेघदूत व गांधीनगर, जनकूपुरा क्षेत्र, नई आबादी ऐसी जगह हैं, जहां रश रहता आया है। पूर्व में हाउसिंग कॉलोनी के समीप चेन स्नेचिंग की वारदात हुई थी, तब यहां सहातया केन्द्र खोला गया, जिसका उद्घाटन भी किया गया। हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र में पूर्व विधायक स्व. ओमप्रकाश पुरोहित का निवास है, वहीं यहां सांसद सुधीर गुप्ता का भी निवास है। थोड़ी दूर ही जाएं तो पूर्व कांग्रेस विधायक नवकृष्ण पाटिल का भी घर इसी क्षेत्र में है। यहां खुले सहायता केन्द्र को भूला दिया गया है। वर्तमान में शहर में नेहरु बस स्टैंड पर जरूर सहायता केंद्र है, जहां दोपहर में एक पुलिस आरक्षक के भरोसे व्यवस्था की जवाबदारी है। वैसे भी बस स्टैंड पर सभी जिलों में पुलिस पाइन्ट निर्धारित रहता है। उधर, बीपीएल चौराहे पर जमीन पर भूमाफियाई कब्जा नहीं होने की गरज से यहां भी पुलिस का सहायता केन्द्र खोला गया और पक्का बना भी है। यहां जरूर यातायात पाइन्ट निर्धारित है। जबकि पुलिसकर्मी यहां नियमित की जगह आते–जाते रहे हैं। बता दें कि बड़े अस्पताल के सामने ही बीते दिनों एक महिला से चेन स्नेचिंग की घटना हो चुकी है। गनीमत रही कि महिला ने ही स्थिति को भांपते हुए तीनों महिलाओं की घेराबंदी कर ली थी, तब जाकर ये आरोपी महिलाएं कोतवाली के हाथ लगी। उधर, रात्रि में गश्त पर सवाल उठ रहे हैं और उठते रहते हैं। वर्तमान में रात्रि गश्त में पुलिसकर्मी ना के बराबर दिखाई देते हैं, जबकि गश्ती पाइन्ट भी निर्धारित है।

अपराधों पर पाबंदी लगाने के लिए खोले गए पुलिस सहायता केंद्र को खुद सहायता की दरकार है। डायमंड ज्वैलर्स गोलीकांड, प्रहलाद बंधवार गोलीकांड, युवराजसिंह गोली कांड के बाद के बाद जरूर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए खाकी वर्दी धारियों सक्रिय किया था। तब सड़कों पर पुलिस व्यवस्था भी दिखाई दी थी। बता दें कि बदमाशों में पुलिस का खौफ रहे तथा पीड़ितों को तत्काल मदद मिल सके, इसके लिए खोले गए सहायता केंद्र में मिलने वाली मदद गुजरे जमाने की बात होने लगी है।

**संजीत नाके पर डॉयल–100 भी गायब, अब नहीं दिखती**–संजीत नाके पर भी सहायता केन्द्र खोला गया था। यहां केन्द्र गायब हुए लम्बा समय बीता गया है। लेकिन, इसकी जगह डॉयल–100 की गाड़ी पुलिसकर्मियों सहित खड़ी रहती थी। इससे ज्यादा परेशानीनहीं हुई। लेकिन, बीते कुछ महीने के दौरान संजीत नाके पर डॉयल–100 दिखती नहीं है। एक तरह से गायब हो गई। डॉयल–100 का यहां पाइन्ट हट गया है अथवा हटा लिया गया है, यह भी मसझ से परे है। यह और बात है कि कभी–कभी राउंड लगता है।

**अभिनंदन नगर में 30 हजार से ज्यादा आबादी है निवासरत**–बता दें कि सुरक्षा के लिहाज से अभिनंदन नगर ज्यादा संवेदनशील भी माना जा रहा है। अभिनंदन नगर में करीब 30 हजार से ज्यादा आबादी निवासरत है। लेकिन, खाकी की सुरक्षा मापदंड यहां निर्धारित नहीं हो पाया है। इस क्षेत्र में तो पुलिस सहायता केन्द्र खुल ही नहीं पाया है, बंद होने की बात तो दूर की है। अभिनंदन क्षेत्र में पिछले अपराधों पर गौर करें तो यहां गोलीचालन सहित गंभीर अपराध हो चुकी है।

**दोस्त चौकी को भी भूला दिया गया...यहां हो ना जाए कब्जा**–पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र में छोटी पुलिया के आगे किला क्षेत्र .... शेष पेज 4 पर

जलसंकट की स्थिति हुई समाप्त, काला भाटा बांध के भी चार गेट खोले गए...



# शिवना नदी में जल प्रवाह हुआ, छोटी पुलिया डूबी

## रिण्डा में बिजली गिरने से एक झूलसा, वहीं सुवासरा के ग्राम निरधारी बही महिला का शव मिला

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सावन माह में शहर सहित जिले में अच्छी वर्षा हो रही है। सोमवार को शहर में रुक–रुक बारिश हुई। सोमवार सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक एक इंच बारिश दर्ज की गई है। उधर, सुवासरा नगर में रेलवे अंडरपास में पानी भरने से वाहन निकालने के चक्कर में एक बस फंस गई, जिसे मशक्कत कर निकाला गया। इसके अलावा रिण्डा गांव में एक युवक आकाशीय बिजली गिरने से झूलस गया, वहीं सुवासरा तहसील के निरधारी गांव में ही नाले के पानी में बही एक महिला का शव सोमवार को ढूंढा गया है। उधर, शिवना नदी के केचमेंट एरिये यानी प्रतापगढ़ क्षेत्र में हुई बारिश की वजह से सोमवार सुबह शिवना नदी में जलप्रवाह की स्थिति निर्मित हो गई। पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंच छोटी पुलिया जलमग्न हो गई। यहां सुरक्षाकर्मी तैनात करने पड़े। नदी के केचमेंट क्षेत्र में रविवार–सोमवार की दरमियानी रात्रि में अच्छी वर्षा की होने की वजह से शिवना में जल प्रवाह हो पाया है। इसके चलते काला भाटा बांध के चार गेट खोले गए है। शिवना में पानी की अच्छी आवक होने से शहर में उपजे जलसंकट की स्थिति समाप्त हो गई है। नगर पालिका के जलकल अमले ने भी राहत की सांस ली।

सोमवार को दोपहर और शाम को रुककर तेज तो बूंदाबांदी के रूप में बारिश होती है। लेकिन राहत की बात यह रही कि शिवना के कैचमेंट एरिया ने मंदसौर में पेयजल समस्या को लगभग खत्म कर दिया। सोमवार शिवना शिव के दर्शन को लालायित नजर आई। छोटी पुलिया जलमग्र हो गई। कालाभाटा बांध के चार गेट खोले .... शेष पेज 4 पर

### जिले में कहां–कितनी बारिश दर्ज...

| | |
|---|---|
| मंदसौर | 262 एमएम |
| सीतामऊ | 398 एमएम |
| सुवासरा | 571 एमएम |
| गरोठ | 417 एमएम |
| भानपुरा | 360 एमएम |
| मल्हारगढ़ | 207 एमएम |
| धुंधडका | 368 एमएम |
| शामगढ़ | 669 एमएम |
| संजीत | 366 एमएम |
| क्यामपुर | 347 एमएम |
| भावगढ़ | 475 एमएम |

### बुजुर्ग महिला पानी में बही, मृत्यु

सुवासरा के ग्राम निरधारी में एक पैसठ वर्षीय महिला पानी में बह गई। सोमवार सुबह उसका शव मिला। पुलिस के अनुसार बसई के समीप स्थित गांव में रोडीबाई पति औंकारसिंह रविवार शाम को भैंस को पानी पिलाने के लिए गई थी। इसी दौरान वह नाले में गिरी और बह गई। एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग कर शव बाहर निकाला। पुलिस को महिला के बेटे ब्रदीसिंह ने सूचना दी थी।

### रिण्डा में पेड़ के नीचे खड़े युवक पर बिजली गिरी, झूलसा

अफजलपुर थाने के ग्राम रिण्डा निवासी एक युवक रिण्डा फंटे पर बारिश होने की वजह से आम के पेड़ के नीचे खड़ा हुआ। सोमवार शाम करीब छह बजे अचानक आकाशीय बिजली गिरी उसका एक पैर झूलस गया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण झूलसे युवक शाहिद पिता मेहबूब खां 19 वर्ष को बड़े अस्पताल लेकर आए, यहां उसका उपचार किया जा रहा है।

मंडी समिति के अन्य कर्ताधर्ताओं को अज्ञानता में रखकर मंडी सचिव की भागीदारी परंपरा...

# मंडी में सफाई ठेका, टर्नओवर को आड़े लाकर एक ही टेण्डर खोला

## भोपाल भेजेंगे मंजूरी के लिए, मंडी राजस्व में हर वर्ष घाटा होने के आसार

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी मंदसौर में मंडी सचिव कार्यालय कक्ष में सोमवार को साफ–सफाई का टेण्डर खोलने का समय निर्धारित किया गया। सफाई ठेके के लिए दो ही टेण्डर आए थे। मंडी के प्रशासनिक समिति ने दो टेण्डर आने की बजाय एक ही टेण्डर खोला और दूसरे टेण्डर को बगैर खोले कागजात पूर्ण नहीं होना निर्धारित किया गया है। सफाई कार्य का टेण्डर अन्य टेण्डरों के बनिस्बत एक छोटा कार्य माना जाता है, लेकिन मंडी की प्रशासनिक समिति ने इसमें सालाना टर्नओवर की कागजी रूकावट पेश की है। जबकि सफाई ठेके में टर्न ओवर का क्या काम। यह कोई भवन निर्माण अथवा अन्य टेक्नीकल कार्य तो नहीं है, जिसमें टर्नओवर से संतुलन बनाया जाए।

सूत्र बताते हैं कि मंडी में एक टेण्डर तीन लाख का था तो दूसरा टेण्डर 2.60 लाख का था। यानी कम टेण्डर जिसका था, उसके टेण्डर में कागजात पूर्ति नहीं होने की बात दोहराई गई है। जिसका टेण्डर खोला गया है, वह तीन लाख का है और इस टेण्डर को मंडी सचिव द्वारा संेशन के लिए भोपाल भेजने की बात कही है। हालांकि, आगे क्या होता है, यह और बात है। लेकिन, ज्यादा वाले का टेण्डर मंजूर होता है तो इससे मंडी समिति को एक वर्ष में चार लाख 80 हजार का घाटा होने की आशंका है। बता दें कि राज्य शासन के किसी भी विभाग में जब–जब भी टेण्डरिंग प्रक्रिया हुई है, तब–तब उसमें कम निर्धारित बजट वाले का टेण्डर को हरी झंडी दी जाती रही है, ताकि संबंधित विभाग को घाटा या नुकसान नहीं हो। उधर, मंडी समिति को दोनों ही टेण्डर खोलना थे, और इस पशोपेश को भोपाल स्तर पर भेजना था, जहां से नियमानुसार निर्णय हो पाता। लेकिन, टर्नओवर की प्रकिया आड़े लाकर एक दिशा में कार्य करना संपादित होता दिखाई दे रहा है।

**इनका कहना**–सफाई कार्य के लिए टेण्डर बुलाए थे। दो टेण्डर थे, एक में टर्नओवर कागज की पूर्ति नहीं हुई है। टेण्डर में शर्तें थी। एक टेण्डर खोला है, जिसे मंजूरी के लिए भोपाल भेजा जाएगा।

**पर्वतसिंह सिसोदिया, सचिव, कृषि उपज मंडी, मंदसौर**

### ऊधमसिंह चौराहे पर एक बुजुर्ग का शव मिला

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के ऊधमसिंह चौराहे पर सोमवार को एक बुजुर्ग का शव मिला, जिसे बड़े अस्पताल में फ्रीजगृह में रखवाया गया है। जेब से आधार कार्ड मिला है, जिससे उसकी पहचान श्यामसिंह पिता विजयसिंह 75 वर्ष निवासी ऊधमसिंह चौराहा के रूप में हुई। बताते हैं कि मृतक कई वर्ष पूर्व कहीं से आया था और मंदसौर में रहकर भिक्षावृत्ति करता रहता था। पूर्व नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार ने उसके आधार कार्ड बनवाने में मदद की थी।

बगीचों से मुंह मोड़ चुकी हरियाली और सुंदरता, बारिश के पहले नहीं की प्लानिंग...

# साठ लाख रुपए उद्यान शाखा में खर्चा..!

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के जिन उद्यानों को संवारने के नाम पर नगर पालिका लाखों रुपए का बजट खर्च रखती है, उन्हीं उद्यानों से सुंदरता मुंह मोड़ चुकी है। ना तो फूल इनमें दिख रहे है और ना ही हरे-भरे पौधें और घास। ना घुमने के लिए फुटपाथ बना हुआ है और ना ही कोई इनमें बैठकर योगा-प्राणायाम कर सकता है। इतना ही नहीं बच्चों को भी यह उद्यान आकर्षित नहीं कर पा रहे है। 60 लाख रुपए नगर पालिका उद्यान शाखा के कर्मचारियों सालभर मे सिर्फ वेतन देती है। इसके अलावा अन्य खर्च है जो अलग फिर भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण शहर के उद्यानों से हरियाली गायब है। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी उद्यान विरान पड़े है। पार्षद से लेकर नगर पालिका के अन्य जनप्रतिनिधियों से लेकर इंजीनियरो से लेकर स्वास्थ्य व उद्यान शाखा से लेकर अन्य शाखा हो या नपा के अन्य कर्मचारी व अधिकारी किसी का भी उद्यानों पर ध्यान नहीं है। इसी कारण दिनोंदिन इनकी स्थिति बदतर होती जा रही है। जबकि बारिश के पहले पौधे लगाकर योजनाबद्ध तरीक से प्लानिंग की जाना चाहिए थी। जिससे बारिश में पौधे हरियाली के साथ ही बगीचों को सुंदरता प्रदान करें।

**निर्माण पर हर किसी का फोकस, बगीचों में किसी की नहीं रुचि**–नगर सरकार में पार्षद से लेकर सभापति और इंजीनियर से लेकर नपा के पूरे अमले की रुचि सिर्फ निर्माण कार्यों में ही है। निर्माण कार्यो के लिए खींचतान मची है, लेकिन उद्यानों में किसी की भी रुचि नहीं है। इसलिए नपा के पास उद्यानों को संवारने के लिए कोई योजना भी नहीं है और नपा इसके लिए तैयार भी नहीं है। आबादी क्षेत्र में अपनी बदहाली पर आंसू बहाते उद्यान पूरे शहर में दिख रहे हैं, लेकिन फिर भी नपा इस पर ध्यान तक नहीं दे रहे है। इसी कारण उद्यानों में कही पर भी मनोरंजक... शेष पेज 4 पर

# नगर में चोरों की चहलकदमी, दो दुकान व एक गोदाम में सेंधमारी

**सुवासरा, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बीती रात चोरों ने दो दुकानों और एक गोदाम को निशाना बनाया। शाही मार्केट स्थित एक हार्डवेयर दुकान से चोरो ने ताला तोड़कर डिब्बे से 35 हजार रुपए नकदी सहित चार हजार के सामान पर हाथ साफ किया। जिसमें एक ग्राइंडर मशीन, एक लोहे की केंची



और एक हथौड़ा ले गए। उसके बाद जिनिंग फैक्ट्री स्थित टेंट के गोदाम का शटर उचकाया। लेकिन, यहां भारी सामान होने से कुछ नही ले गए। चोरों ने जिनिंग फैक्ट्री होते हुए एक मोबाइल की दुकान मोदी टाइम्स पर पहुँचे। जहां हार्डवेयर की दुकान से लाये लोहे की केंची से ताला तोड़कर शटर खोला और यहां से मोबाइल और स्मार्ट वाच , इअर फोन अन्य घड़ियां, सिगरेट के पैकेट सहित करीब 25 हजार का माल उड़ा ले गए। मोबाइल की यह दुकान पुराना बस स्टैंड से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। जहां पर पुलिस की रोजाना गश्त होती है, और पुलिस का यहीं पहरा होता है। इसके बाद भी शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। मोबाइल दुकान से थोड़ी दूर चोर मोबाइल के खाली बॉक्स छोड़ गए। नगर में कुछ माह पहले एक कियोस्क सेंटर से लाखों रुपयों का बैग छीनकर लुटेरे भाग गए थे। जिसका पता आज तक पुलिस नही लगा पाई। इसके अलावा भी नगर में कई जगह ताले तोड़कर चोरी की घटना हुई है। लेकिन, पुलिस अभी तक किसी भी घटना का पता नहीं लगा पाई है। बीती रात हुई चोरी की घटना के बाद सुबह विधायक हरदीपसिंह डंग भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ... शेष पेज 4 पर

कलेक्ट्रेट के अधिकारियों से परिचय लेकर विभागीय बैठकें ली, पहले दिन कई निर्देश दिए...

# कलेक्टर अदिति गर्ग ने संभाली कलेक्टरी की जिम्मेदारी

## कटनी की ही गर्ग परिवार की बेटी हैं नवागत कलेक्टर, पूर्व कलेक्टर भी बने हैं कटनी कलेक्टर

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नवागत कलेक्टर अदिति गर्ग ने सोमवार को विधिवत मंदसौर जिले की कलेक्टरी की कमान संभाल ली है। जिम्मेदारी संभाले ही उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय का सूक्ष्म दौरा भी किया। कलेक्ट्रेट के अधिकारियों से परिचय लिया और विभागीय बैठकें भी की। पहले दिन ही विभागीय बैठकों में उन्होंने कई दिशा निर्देश दिए। वे मंदसौर पहली बार आई हैं, ऐसे में की भौगोलिक व अन्य कार्यप्रणाली को देखते हुए विकास कार्य संपादित कराएंगी।



बता दें कि मंदसौर के पूर्व कलेक्टर दिलीप यादव को कटनी का कलेक्टर बनाया गया है। उधर कटनी जिले की ही मूल निवासी अदिति गर्ग हैं। वे कटनी जिले के गांव धरवारा के गर्ग परिवार की बेटी हैं, जहां गांव में उनके मंदसौर कलेक्टर बनने .... शेष पेज 4 पर

# लोकसभा चुनाव में 79 सीटों पर 5 करोड़ से अधिक मतों के अंतर पर सवाल उठ रहे हैं..!

**उज्जैन/मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के समय मुख्य चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली पर विपक्षी दलों ने तो अनेक आरोप लगाए ही हैं। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ों पर चुनाव आयोग के गोलमाल और अव्यावहारिक जवाबो ने भी संदेह को गहरा दिया है। इस कारण स्वतंत्र संस्था वोट फॉर डेमोक्रेसी ने 2024 के चुनाव पर गहराई से मंथन कर 226 पन्नों की अपनी रिसर्च रिपोर्ट जारी की है। जिसने चुनाव आयोग को झकझोर दिया है ।अनेक यूट्युबरों ने इसको आधार बनाकर यह सार्वजनिक करने का प्रयास किया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के कारण की 79 सीटों पर धांधली की जाकर 5 करोड़ अधिक मतों को बढ़ाकर विपक्षी दलों को नुकसान पहुंचाया गया है। वोट फॉर डेमोक्रेसी की रिसर्च रिपोर्ट सोशल मीडिया के कारण चर्चा में सार्वजनिक हो चुकी है। 226 पन्नों की रिपोर्ट में अनेक आंकड़े और तथ्यों के सहारे आवाज उठाते हुए रिपोर्ट में अनेक खुलासे किए हैं। 543 लोकसभा सीटों में से 542 सीटों पर चुनाव कराए गए हैं। एक निर्विरोध सूरत से भाजपा प्रत्याशी जीता है। 542 में से मात्र तीन सीटों पर ही चुनाव आयोग ने जितने वोट पढ़ना बताया है, उतने ही मशीन ने भी गिनाए हैं। बाकी 539 के आंकड़े आपस में अंतर बयां कर रहे हैं। वोट फॉर डेमोक्रेसी के रिसर्च अनुसार चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं और पत्रकारों के प्रश्नों के सही जवाब भी नहीं दिए गए। प्रत्येक चरण के बाद चुनाव आयोग को राज्यों में कितने मत थे कितने मत पड़े, इसकी भी जानकारी तभी देना होती है। इस बार इस तरह के आंकड़े जारी करने में कहीं एक दिन तो कहीं और अधिक दिन लगाए गए हैं ।इस संस्था की आकलन रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार आखिरी चरण के बाद जो आंकड़े बताए गए हैं, उसमें 10 से 12.5 प्रतिशत बढ़कर अंतर आया है। उड़िसा में अधिक मतों की संख्या 42 लाख के मान से प्रत्येक सीट पर 2 लाख मतों का अंतर आता है। यहां 21 में से 18 सीट पर भाजपा सांसद प्रत्याशी जीते हैं। इसी तरह 174 सीटों पर जितने मत बताए गए थे, उनसे ज्यादा निकले हैं ।चुनाव आयोग के चरणावार जारी बुलेटिन में भी राज्य वार प्रतिशत नहीं बताया गया था। ऐसे प्रकरणों पर वोट फॉर डेमोक्रेसी ने सवाल उठाए हैं।




चन्द्रमोहन भगत


जिन 79 सीटों पर 5 करोड़ मतों का अंतर नजर आ रहा है इस मामले में चुनाव आयोग अपारदर्शी क्यों बना रहा है! विडंबना देखिए उत्तर प्रदेश का चुनाव डाटा चरण समाप्त होते ही जारी कर दिया जहां सीटें अधिक, आपस मे दूरियां तथा क्षेत्रफल अधिक था। पर चंडीगढ़ जहां मतदाता 4.84 लाख 614 पोलिंग बूथ और 15 किलोमीटर क्षेत्रफल है यहां के आंकड़े जारी करने में 6 दिन लगा दिए। फरीदकोट की सीटों पर मतदान होने के बाद भी रात भर गुजरने के बाद भी ईवीएम मशीन नहीं पहुंची थी। जबकि सभी केंद्र आधे घंटे की दूरी पर थे। इसके अलावा भी कई मुद्दों पर संस्था ने अपनी किताब में गंभीर प्रश्न उठाए हैं। अंग्रेजी में छपी इस किताब का विश्लेषण जब जानकारों ने सोशल मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाना शुरू किया। तब से मांग उठने लगी कि इस आकलन को देश की अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जाकर आम जनमानस को जागृत किया जाए।

संस्था के सम्माननीय सदस्यों ने किताब में उठाए मुद्दों को लेकर न्यायालय तक जाने का फैसला भी कर लिया है। वोट फॉर डेमोक्रेसी संस्था के साथ अनेकों विद्वजनों वरिष्ठनागरिकों ने प्रत्येक राज्य के नागरिक मतदाताओं तक को इस आंकलन की जानकारी को पहुंचाने की मांग भी की है।

पिपलिया सहित कई जगहों से कावड़ यात्रा पहुंची मंदिर तक, यहां पूजा–पाठ की गई...

# सावन सोमवार : पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालु





**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सावन के दूसरे सोमवार पर शहर शिवमय हो गया। सुबह से शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। यह सिलसिला रात तक जारी रहा। मंदसौर के अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथजी मंदिर में करीब सत्तर हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके अलावा शहर सहित जिलेभर के शिव मंदिरों में दिनभर भोले का जयकारा गूंजता रहा। अभिषेक और पूजन अर्चन के साथ कीर्तनों का दौर दिनभर जारी रहा। बात करें पशुपतिनाथजी मंदिर की तो श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा पशुपतिनाथजी के दर्शन किए। अष्टमुखी महादेव का फूलों से विशेष नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। सुबह की आरती के बाद भक्तों के दर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चला। भक्तों को बारिश से बचाने मंदिर परिसर में डोम टेंट लगाए गए।

**भोले बाबा की कांवड़ में भक्तों का सैलाब**–ग्रामीण क्षेत्रों से कई कांवड़ यात्रा मन्दसौर में भगवान पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंची। भक्तों ने बाबा पशुपतिनाथजी के दर्शन किए। जिले के पिपलियामंडी के टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से प्रतिवर्ष दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री पदयात्रा कर पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंचते है। सोमवार को पिपलियामंडी से सुबह कांवड़ यात्रा शुरू हुई जो दोपहर में मंदसौर पहुंची। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए। बैंड बाजों और डीजे की धुन पर पदयात्री भक्ति गीतों की थिरकते हुए पहुंचे। कांवड़ यात्रियों का जगह–जगह स्वागत किया गया। वही पशुपतिनाथजी मंदिर के निकट सभी कांवड़ यात्रियों का भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। इसके साथ भी बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से भी पदयात्री मंदिर पहुंचे। रिमझिम बारिश के बीच शिव भक्ति में भक्त नाचते झूमते मंदिर पहुंचे और बाबा पशुपतिनाथजी के दर्शन किए।

# ग्राहकों को जागरूक होना आज के समय की आवश्यकता-सबनीस

**शासकीय महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान का आयोजन**



**दलौदा, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ग्राहक को अपने अधिकारों के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। देश की सरकारों ने ग्राहक को कई अधिकार दिए है। कानून है। टोल फ्री नम्बर है। लेकिन जानकारी का अभाव है।ग्राहक को अपने अधिकारों की जानकारी आवश्यक है। जानकारी के अभाव में हम हर दिन ठगे जा रहे है। अत: ग्राहक जागरण ही ठगी, मिलावट खोरी, कम माप तोल , रिश्वतखोरी जैसी समस्याओं का समाधान है। उक्त बात अभा ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस ने कही।

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा पर स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन के तहत ग्राहक जागरण समय की आवश्यकता विषय पर व्याख्यान देते हुए श्री दिनकर सबनीस ने कहा कि आज के समय में ग्राहकों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। ऑन लाइन, साइबर एवम अन्य अन्य प्रकार से धोखाधड़ी हो रही है। अत: स्थानीय व्यापारी यों से खरीदी का आग्रह किया। व्याख्यान माला का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्यवक्ता ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर जी सबनीस थे सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी एवम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के घुम्मकड़ अर्धघुमक्कड़ के प्रांत सह प्रमुख श्री चेनराम जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष श्री नवनीत शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना का स्वागत जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री हेमंत धनोतिया ने पुष्प हार एवम स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी संक्षिप्त में अपनी बात कही और दलौदा जैसे महाविद्यालय में पधारने पर दिनकर जी का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में स्वागत भाषण स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री हेमंत धनोतिया ने दिया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विजय मेहता, भालचंद्र तारे, प्राचार्य शेलेंद्र मालीवाड़, मनोहर लाल सोनी, अनिल सुराना, कैलाश जैन, विनोद धनोतिया, अजय शर्मा, शुभम धोका, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, शांतिलाल मकवाना, लोकेंद्र पारिख, अजय मकवाना, संदीप शर्मा, दिनेश पंवार सहित गणमान्य नागरिक , प्राध्यापक गण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर गजराज पंड्या ने किया आभार प्राचार्य शैलेंद्र मालीवाड ने माना।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर पौधारोपण किया.**–देश में चल रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम को लेकर ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस ने अपनी माताजी स्व. श्री मती इंदु मुकुंद सबनीस के नाम पर पौधारोपण किया।

## जंगल में शौच के लिए गया व्यक्ति मृत मिला

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले केनपुरिया गांव में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के एक व्यक्ति का शव जंगल में पड़ा मिला। दरअसल केनपुरिया निवासी मृतक कंवरलाल (44) पिता सूरजमल जाति बंजारा सुबह करीब 5 बजे उठकर शौच के लिए गया था। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जंगल की ओर गए जहां वह मृत अवस्था पर पड़ा मिला। तत्काल परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कंवरलाल को रात से पीठ में दर्द हो रहा था। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने जांच शुरू की।

श्री गुण्देश्वर महादेव व्यायाम शाला एवं टीम एवीएस के तत्वावधान में हुआ...

# 51 हजार रुद्राक्ष वितरण का आयोजन



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पावन श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में इस वर्ष 51 हजार नि:शुल्क रुद्राक्ष वितरण का भव्य आयोजन श्री गुण्देश्वर महादेव व्यायाम शाला एवं टीम एवीएस के तत्वावधान में संतों की पावन निश्रा में हुआ। दूर-दराज से पधारे भक्तों ने रुद्राक्ष प्राप्त कर आशुतोष भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन लाभ लिए व नि:शुल्क रुद्राक्ष वितरण के लिए आयोजन समिति को मुक्त हस्त से आशीर्वाद दिया।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अंकित माहेश्वरी, गौरव शर्मा, ललित एम पटेल(पटेल बा) ने बताया कि द्वितीय सोमवार को भी भगवान श्री पशुपतिनाथ के दरबार में श्रावणी उत्सवों की कड़ी में एक भव्य आयोजन 51 हजार नि:शुल्क रुद्राक्ष वितरण के माध्यम से हुआ। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि उक्त 51 हजार रुद्राक्ष नेपाल से बुलवाए गए, जो वैदिक जागृति ज्ञान-विज्ञान पीठ हरिद्वार द्वारा अभिमंत्रित किए हुए थे। सोमवार की सुबह 10 बजे भगवान पशुपतिनाथ के विशेष अभिषेक, पूजा-अर्चना के पश्चात श्री द्वारिकाधीश पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री रामेश्वरदासजी महाराज (अध्यक्ष भारतीय गौवंश पर्यावरण संरक्षण समिति, नई दिल्ली), श्री श्री 1008 संत श्री रामकिशोरदासजी महाराज श्री तीन छतरी बालाजी धाम, प्रख्यात भागवत प्रवक्ताद्वय श्री विष्णुप्रसादजी शर्मा(राठाना), श्री दशरथजी शर्मा(भाईजी), मंगलामुखी गुरु माँ अनिता दीदी की पावन निश्रा एवं शिवना पुत्र मनीष भावसार, समाजसेवीद्वय कपिल भंडारी, गौरव अग्रवाल आदि की विशेष उपस्थिति में रुद्राक्ष वितरण सहस्त्रेश्वर महादेव मंदिर के समीप श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में प्रारम्भ हुआ, जो शाम तक चलता रहा। संत समाज का सम्मान आयोजन समिति के मनीष भावसार, कपिल भंडारी, गौरव अग्रवाल, अंकित माहेश्वरी, गौरव शर्मा, ललित एम पटेल(पटेल बा), जितेंद्र चौधरी, कपिल मावर, योगेश भट्ट, श्याम पांडे, सुरेश बैरागी, प्रतीक व्यास, उमेश बेस, सूरज कुमावत, शुभम लक्षकार, रामू यादव, मनीष मूंदड़ा, उमाशंकर पाटीदार, विनोद प्रजापत, भेरूलाल साहू, गोपाल चौहान, दिलीप लक्षकार, राकेश राठौर, सुबोध पाण्डे, कमलेश शर्मा, मातृ शक्ति वर्षा जैन, मनस्वी पांडे, गीता बाई लक्षकार, हेमलता लक्षकार, भावना लक्षकार, रीता जेमन, शैलजा जैन, कल्पना तिवारी आदि ने किया। इस दौरान संतों एवं उपस्थित प्रबुद्धजनों ने उद्बोधन स्वरूप समिति को आशीर्वचन दिए।

# संसाधनों के अभाव में केसे करें ऑनलाईन मूल्यांकन, शासन की अनदेखी से उपयंत्रियों में आक्रोश

**डिप्लोमा इंजीनियर एसो. का निर्वाचन सम्पन्न, निनामा अध्यक्ष, श्रीवास्तव सचिव निर्वाचित**



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन ने मनरेगा का मूल्याकंन ऑनलाईन ईएमबी से करने के निर्देश दिये है। लेकीन पर्याप्त संसाधनों के अभाव में उपयंत्रीयों में आक्रोश बढता जा रहा है। मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स ऐसोसिऐशन पांच सुत्रीय मांगो को लेकर निरन्तर ज्ञापन दे रहा हे। परन्तु मध्यप्रदेश सरकार की लगातार अनदेखी करने से लोक निर्माण विभाग,जल संसाधन,ग्रामीण यान्त्रीकी सेवा,पीएचई,एमपीआरआरडीए सहित अन्य विभागो में पदस्थ उपयन्त्रीयों में अंसतोष बढता जा रहा है।

उक्त विचार संगठन के प्रान्ताध्यक्ष ई.रविन्द्र सिंह कुशवाह ने मंदसौर प्रवास के दोरान बैठक में व्यक्त किये। प्रान्ताध्यक्ष ई.रविन्द्रसिहं कुशवाह ने कहा की मनरेगा में कार्यरत उपयन्त्री काम के दबाव के चलते डिप्रेशन का शिकार हो रहे है। मनरेगा परिषद द्वारा जारी अव्यहारिक निर्देशों का पालन बिना पर्याप्त संसाधनों के संभव नही है। कार्यक्षेत्र भोगोलिक रूप से अधिक होने से ई एमबी भरना साप्ताहिक एनएमआर का सत्यापन निर्धारित समयावधी में संभव नही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मीयो के हित में संविदा निति जारी करने की घोषणा बिन्दुवार की गई थी। लैकीन घोषणा अनुरूप संविदा निति लागु नहीं होने से संविदा कर्मीयों में असंतोष बढता जा रहा है। 10 वर्षो से उपयंत्री पद से सहायक यंत्री पद पर पदोन्नती नही कर केवल प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। जिन्होने उपयंत्री पद पर अपनी सेवा प्रारभ की वे पदोन्नत नहीं हुए व सेवाकाल पुर्ण कर उपयंत्री पद पर ही रिटायर्ड हो रहे है। ऐसी परिस्थिती में 24 वर्ष की सेवा पर समयमान वेतनमान प्राप्त करने वाले उपयंत्री को सहायक यत्री का पदनाम देने की मांग की जा रही है। जबकी छतीसगढ में यह पदनाम दे दिया गया है।

प्रान्ताध्यक्ष श्री कुशवाह ने बताया कि प्रान्तीय पदाधिकारी प्रत्येक जिले का भ्रमण कर सदस्यों से रूबरू हो रहे है। शासन समय सीमा मे उचित मांगो का निराकरण नहीं करेगा तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी श्री प्रितमसिहं रावत एंव श्री मनोज खरात द्वारा सम्पन्न कराये गये निर्वाचन में श्री एस एल निनामा अध्यक्ष, श्री संदीप श्री वास्तव सचिव तथा श्री राजेन्द्र पोरवाल कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्री सुनिल व्यास एवं आशीष शुक्ला ने किया। आभार श्री विकास तिवारी द्वारा व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री जीपी नागर, श्री हरीश बोराना, दिलीप वास्कले, महेश कुमावत, घनश्याम राठौर, संदीप श्रीवास्तव, मनीष त्रिवेदी, ओपी सेनी, मुकेश सेनी, एसएल निनामा, राजेश वगलेकर, वीडी मिश्रा, आशिष नलवाया, रिषभ बाफना, राजेन्द्र पोरवाल, विकास तिवारी, आशिष शुक्ला, मोहित कारपेन्टर उपस्थित थे।

# महारानी कन्या स्कूल में भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत का व्यास पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के मंदसौर जिले में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यास पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के गुरुकुल प्रकोष्ठ के सह प्रमुख श्याम सुंदर देशमुख, मालवा प्रांत के शैक्षिक प्रकोष्ठ सह प्रमुख दिलीप सिंह डाबी, मंदसौर जिले के उपाध्यक्ष महेश त्रिवेदी, नर्सिंग कॉलेज मंदसौर प्राचार्य डॉ अनिल प्रजापत, एमआईटी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सोमेश भट्ट एवं संस्था के प्राचार्य श्री के.सी. सोलंकी मंचासीन थे।

प्रारंभ में सरस्वती वंदना एवं पूजन के पश्चात अतिथि परिचय महेश त्रिवेदी द्वारा कराया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्राचार्य श्री सोलंकी द्वारा चंदन का तिलक एवं श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के गुरूकुल प्रकोष्ठ के सहप्रमुख श्याम देशमुख द्वारा शिक्षण मंडल का परिचय उद्देश्य एवं उसके कार्य पद्धति की जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय शिक्षण मण्डल का मूल उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता का समावेश है। श्री प्रजापत द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा में संस्कारों का समावेश कैसे हो यह बताया गया। व्यास पूजन के महत्व को डॉ. सोमेश भट्ट द्वारा सनातन काल से वर्तमान काल तक गुरु के महत्व को प्रतिपादित किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री सोलंकी द्वारा छात्रों को जीवन के उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में संस्था की समस्त छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश त्रिवेदी द्वारा किया गया तथा आभार दिलीप सिंह डाबी द्वारा व्यक्त किया गया।

# अच्छी खबर: आज से इंदौर-कोटा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

## शामगढ़ और सुवासरा भी रुकेंगी

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे ने राहत की खबर दी है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे इंदौर और कोटा के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। ट्रेन नंबर 09804/09803 कोटा-इंदौर-कोटा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चार-चार फेरे लगाएगी।रतलाम रेल मंडल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया, 09804 कोटा इंदौर स्पेशल 30 जुलाई से 20 अगस्त तक कोटा से प्रति मंगलवार को 14.10 बजे चलेगी। ट्रेन 18.15 बजे नागदा, 19.25 बजे उज्जैन एवं 20.10 बजे देवास होते हुए 21.00 बजे इंदौर पहुंचेगी।

**ये रहेगा शेड्यूल**–वापसी में इंदौर कोटा स्पेशल 30 जुलाई से 20 अगस्त तक इंदौर से प्रति मंगलवार को 22.40 बजे चलेगी। यह ट्रेन देवास 23.26 बजे, उज्जैन 23.40 बजे एवं नागदा 01.20 बजे होते हुए बुधवार 6.25 बजे कोटा पहुंचेगी। ट्रेन का दोनों दिशाओं से रामगंज मंडी, भवानी मंडी, शामगढ़, सुवासरा, चौमहला, विक्रमगढ़, आलोट, महिदपुर रोड, नागदा, उज्जैन एवं देवास स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

# आंगनवाड़ी के सभी बच्चों के आधार, समग्र, जन्म एवं जाति प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं-जैन

**कलेक्टर ने ई-जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्या सुनी**



**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी आगनवाडी केन्द्र में दर्ज सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाये। सभी आगनवाडी कार्यकर्ता दर्ज बच्चों की सूची तैयार करे और उक्त में से यदि काई दस्तावेज बनना शेष हो तो अनिवार्य रूप से बनवाए। यह कार्य अभियान चलाकर पूर किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को ई-जनसुनवाई में मनासा क्षेत्र कि ग्राम पंचायत अरनिया माली, नलखेडा, अल्हेड़, जालीनेर एवं चुकनी के ग्रामीणों की समस्याओं से वीडियों कांफ्रेसिग के माध्यम से रूबरू होते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री जैन ने इन ग्राम पंचायत में राजस्व महाअभियान के तहत बी.एन.वाचन नामंतरण, बंटवारा के प्रकरणों के निराकरण एवं खसरा ई-केवायसी, स्वामित्व योजना के तहत आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी खातेदारों, किसानों के आधार, समग्र खसरे के ई- केवायसी का कार्य भी पूर्ण करवाये। ग्राम पंचायत जालीनेर के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा पेयजल पाइप लाइन की खुदाई के कारण मुख्ये मार्ग की पुरानी नाली बद कर देने से गांव के मुख्य मार्ग पर बारिश में जल भराव की समस्याओं निजात दिलाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने सम्बधित ठेकेदार से नाली खुलवाकर पानी की निकासी के समुचित प्रबंध करवाने के निर्देश जल जीवन मिशन के अधिकारियों को दिए। प्रा.वि.जालीनेर के भवन मरम्मत की मांग पर कलेक्टर ने कहा, कि स्कूदल भवन की मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति होने पर भवन की मरम्मत करवाई जावेगी। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्राम अल्हेड में ग्रामीणों की मांग पर गांव में घरों के सामने व आसपास स्थित रोडियों को तत्काल हटवाने के निर्देश पटवारी, पंचायत सचिव व तहसीलदार को दिए। उन्होने अल्हेड पंचायत में स्ट्रीट लाईट मरम्मत के लिए लाईनमेंन कि सेवाए माह में दो दिन उपलब्ध कराने के निर्देश भी म.प्र.प.क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को दिए। सरपंच अल्हेड श्री आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कि गंगा बाबडी जन जल योजना के तहत जल निगम द्वारा मीटर रिडिंग से अधिक राशि के बिल उपभोक्ताओं को दिए जा रहे है, इस पर कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सरपंच की मांग पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के प्रबधक को अल्हेड की सड़क पर पुलिया निर्माण का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए दस्तक अभियान के तहत बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण उपचार योग्य बच्चों की संख्या एवं उन्हेल प्रदान की जा रही उपचार सुविधा की जानकारी ली। नलखेड़ा के स्कूल में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करवाने पर कलेक्टर ने बगैर सक्षम स्वीकृति के अवकाश पर गये शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शाला में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी शिक्षकगणों को दिए।

**ठेकेदार से मजदूरी दिलाए:–** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में नलखेड़ा के ग्रामीणों की मांग पर जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के ठेकेदार द्वारा करवाये गये कार्य की लम्बित मजदूरी का भुगतान भी तत्कातल करवाने के निर्देश श्रम अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सम्बंधित ठेकेदार के विरूद्व कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। साथ ही गांव में सीमेंट कांक्रीट सड़क का गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के निर्देश भी जल जीवन निगम के अधिकारियों को दिए।

**सभी क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव तैयार करें:–** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा पुराने शाला भवनों के जीर्णशीर्ण होने से उन्हे डिस्मेंटल करने की मांग पर निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालय भवनों का निरीक्षण करवाकर, जीर्णशीर्ण भवनों को एक साथ चिन्हित कर सूची, प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी की उक्त कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए है।

## नपाध्यक्ष ने अपना घर के प्रस्तावित निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने निराश्रित बाल गृह अपना घर पहुंच कर वहां प्रस्तावित निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। अपना घर में नए सभागार के निर्माण का कार्य गत फरवरी माह में आरम्भ हो गया था। जिसकी निर्माण एजेंसी नगर पालिका है। किंतु ठेकेदार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से नए टेंडर की प्रक्रिया पुन: होनी है। चूंकि चुनाव आचार संहिता लग गई थी इसलिए टेंडर की प्रक्रिया लंबित रह गई। अब पुन: टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। अपना घर अधीक्षिका भारती शर्मा ने नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को स्थल अवलोकन कराते हुए पूरी जानकारी दी। नपाध्यक्ष ने अपना घर स्टाफ को आश्वस्त किया कि जल्द ही नए टेंडर प्रक्रिया कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 17 | 2201 | 2571 |
| उडद | 5 | 4101 | 6750 |
| सोयाबीन | 5200 | 3700 | 4425 |
| गैहु | 4500 | 2360 | 3100 |
| चना | 201 | 6051 | 6741 |
| मसुर | 133 | 5511 | 6125 |
| धनिया | 260 | 5000 | 6690 |
| लहसुन | 12200 | 7000 | 19000 |
| मैथी | 620 | 4700 | 5800 |
| अलसी | 1130 | 5510 | 6050 |
| सरसो | 259 | 4800 | 5291 |
| तारामीरा | 9 | 4351 | 4431 |
| इसबगोल | 120 | 9500 | 12800 |
| प्याज | 2500 | 1151 | 2621 |
| कलोंजी | 27 | 11081 | 17999 |
| डॉलर | 39 | 9000 | 11400 |
| तिल्ली | 165 | 9640 | 12531 |
| मटरसुखी | 0000 | 00000 | 00000 |
| असालीया | 82 | 8900 | 10817 |

# नपा द्वारा स्वच्छता के हीरो अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों, स्वच्छता चैम्पियंस को किया सम्मानित



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का संचालन किया जा रहा है। निकाय द्वारा स्वच्छता के हीरो अभियान अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सफाईमित्रों, स्वच्छता चैम्पियंस को सम्मानित करना रहा। नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर , सभापति स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर श्री रामेश्वर मकवाना के निर्देशानुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईमित्रों को कमला नेहरु विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलाल स्व सहायता समूह को झोला बैंक निरंतर संचालित करने हेतु भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे मु.नपा.अधि.श्री सुधीर कुमार सिंह, प्र.स्वा.अधि. श्री हेमचंद शर्मा, श्री सौरभ काला व अधिकारीगण, स्व-सहायता समूह, सफाईमित्र व आम नागरिक उपस्थित रहे। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारिया हेतु शासनादेश द्वारा निकाय क्षेत्र में आम नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाये जायंगे।

## उधार दिए रुपए मांगे तो पीटा

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उधार दिए रुपए मांगे तो मारपीट कर सलिए से हमला कर घायल कर दिया। कित्तुखेड़ी निवासी भानुगिरी पिता तोरगिरी गोस्वामी ने झारड़ा चोकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैंने झार्डा बस स्टेण्ड पर फलों का ठेला लगाने वाले अशोक मेघवाल से उधार दिए 5200 रुपए मांगे तो गाली-गलौज कर मारपीट की व सलिए से सिर पर मार दी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने अशोक के खिलाफ केस दर्ज किया।


दिनांक 30 जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✻यदि आपकी जन्मकुंडली में लग्न में राहु स्थित है तो आप टेक्निकल काम को ज्यादा पसंद करेंगे, किसी भी तरिके से अपना काम निकालने मे माहिर होंगे, अपने कार्यो को साधना के लिए कुछ भी कर सकते है। मोबाइल, कम्प्यूटर, कमीशन, ट्रेडिंग जैसे गुप्त तरीकों से पैसा कमा सकते है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक -2035/नामांतरण/2024

**नामातंरण विज्ञप्ति**

मन्दसौर दिनांक-26.07.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों / भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1046×7/2024 | जे.एम. गोल्ड एक्स. | 04 | प्लांट नं. 88 | सुशीला पति दीपककुमार भूता द्वारा उपेन्द्र पिता दीपक कुमार भूता व आदि | सुशीला पति दीपककुमार भूता द्वारा उपेन्द्र पिता दीपक कुमार भूता व आदि | राजेशकुमार पिता रामचंद्र सेठिया | विक्रय पत्र |
| 2 | 1047×7/2024 | बस स्टेण्ड के पीछे कैलाश मार्ग | 13 | प्लांट नं. 62 | अनिलकुमार पिता दल्लेसिंहजी सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता व आदि | अनिलकुमार पिता दल्लेसिंहजी सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता व आदि | सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता | शपथ पत्र, न्यायालय निर्णय |
| 3 | 1048×7/2024 | बस स्टेण्ड के पीछे कैलाश मार्ग | 13 | प्लांट नं. 32 117 का भाग | अनिलकुमार पिता दल्लेसिंहजी सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता व आदि | अनिलकुमार पिता दल्लेसिंहजी सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता व आदि | सज्ञनसिंह पिता रतनलाल मेहता | शपथ पत्र, न्यायालय निर्णय |
| 4 | 1049×7/2024 | प्रेम कालोनी | 12 | प्लांट नं. 50 | स्व. जगदीशचंद पिता मोतीराम सेवलदासानी | स्व. जगदीशचंद पिता मोतीराम सेवलदासानी | वीना पति स्व. श्री जगदीशचंद्र सेवलदासानी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 5 | 1050×7/2024 | शंकर विहार कालोनी | 5 | मकान नं. बी-4 | ज्योति पति विनोद कुमार पाण्डेय | ज्योति पति विनोद कुमार पाण्डेय | राजकुमार पिता श्यामदास सचवानी | विक्रय पत्र |
| 6 | 1051×7/2024 | सुतारों की गली | 15 | म. नं. 36 का भाग | नंदकिशोर पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा व आदि | नंदकिशोर पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा व आदि | महेन्द्र पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा | बंटवारा लेख |
| 7 | 1052×7/2024 | शिवदर्शन कालोनी | 26 | म.नं. सर्वे नं.2956 600 वर्ग मी. | लक्ष्मीनारायण पिता शिवदर्शन अग्रवाल | भंवरबाई पति नाथुलाल चौहान | मनोहर पिता रामचंद्र भाटी | विक्रय पत्र |
| 8 | 1053×7/2024 | शंकर विहार प्रथम | 5 | म.नं. सी-10 | पंकज पिता श्यामसुंदर मित्तल | पंकज पिता श्यामसुंदर मित्तल | मुकेश पिता राधेश्याम भावसार | विक्रय पत्र |
| 9 | 1054×7/2024 | अग्रसेन नगर मेन | 5 | म.नं.-146 | प्रदीपकुमार पिता सदाशिव जोशी | प्रदीपकुमार पिता सदाशिव जोशी | समता पति आशीष शुक्ला | विक्रय पत्र |
| 10 | 1055×7/2024 | अग्रसेन नगर मेन | 5 | प्लांट नं.11 | अनिकेत पिता समरथमल जैन | अनिकेत पिता समरथमल जैन | आशीष पिता प्रेमशंकर शुक्ला | विक्रय पत्र |
| 11 | 1056×7/2024 | केशवकुंज भाग 6 | 39 | प्लांट नं. 18 व 19 का भाग | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | अभय, आनंद पिता स्व. प्रभाकर राव अकोलकर शिल्पा पति स्व. गिरीश अकोलकर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 12 | 1057×7/2024 | केशवकुंज भाग 11 | 39 | प्लांट नं. 19 | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | अभय, आनंद पिता स्व. प्रभाकर राव अकोलकर शिल्पा पति स्व. गिरीश अकोलकर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 13 | 1058×7/2024 | केशवकुंज भाग 11 | 39 | प्लांट नं. बी-19 | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | अभय, आनंद पिता स्व. प्रभाकर राव अकोलकर शिल्पा पति स्व. गिरीश अकोलकर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 14 | 1059×7/2024 | केशवकुंज भाग 11 | 39 | प्लांट नं. डी-19 | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | अभय, आनंद पिता स्व. प्रभाकर राव अकोलकर शिल्पा पति स्व. गिरीश अकोलकर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 15 | 1060×7/2024 | केशवकुंज भाग 11 | 39 | प्लांट नं. सी-19 | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | स्व. प्रभाकरराव पिता सदाशिवराव अकोलकर व आदि | अभय, आनंद पिता स्व. प्रभाकर राव अकोलकर शिल्पा पति स्व. गिरीश अकोलकर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)**

# सभी जिलाधिकारी मिलकर परस्पर संवाद के साथ बेहतर काम करें-कलेक्टर

## पुल-पुलिया पर पानी होने पर कोई व्यक्ति पुलिया पार न करे, सख्ती से पालन कराएं



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नवीन कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने सुशासन भवन में स्थित सभा कक्ष में जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी जिलाधिकारियों को अपने परिचय से अवगत कराया तथा सभी को कहा कि सभी मिलकर परस्पर संवाद के साथ बेहतर काम करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी संजय रायखेड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान बाढ़ एवं राहत के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्षा काल के दौरान पुल पुलिया पर पानी होने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति पुल को पार न करें। इसका सख्ती से पालन कराया जाए। इसके लिए ग्राम कोटवार एवं जीआरएस की ड्यूटी लगाएं। सभी पुल पुलिया पर चेतावनी बोर्ड तथा बेरीकेट भी लगवाएं। वर्षा काल के दौरान अगर कोई घटनाएं होती है तो उस पर अधिकारी तुरंत कार्यवाही करें। भू अभिलेख विभाग वर्षा काल में घटनाओं संबंधित जानकारी तुरंत पोर्टल पर अपडेट करें। निचली बस्तियां जहां पर वर्षा काल के दौरान पानी घुस जाता है। उस संबंध में विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ के समय निचली बस्ती में लोगों को पहले से सतर्क करें। गांधी सागर एई को निर्देश देते हुए कहा कि गांधी सागर गेट खोलने की सूचना समय से पहले लोगों को प्रदान करें। इसके लिए निश्चित प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया जाए। सभी जिलाधिकारी इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें की बैठक के संबंध में विभाग से संबंधित संपूर्ण जानकारियां लेकर आए तथा एक-एक जानकारी मौखिक याद होनी चाहिए। बिना जानकारी कोई भी अधिकारी बैठक में न बैठे। पीएचई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कोई भी बोरवेल खुले नहीं होने चाहिए, इस संबंध में रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें। वर्षा काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते कहा कि वर्षा काल के दौरान दल हमेशा अलर्ट मोड में रखें। जिले के सभी अस्पताल एवं डॉक्टर हमेशा सतर्क रहे। इसके साथ ही सभी विभागों के कार्यों के संबंध में विभाग वार समीक्षा की तथा जो कार्य शेष बचे हुए हैं, उनको जल्द पूर्ण करने की निर्देश दिए।

## मत्स्य महासंघ के अधिकारी ने पकड़ी मछलियों से भरी पिकअप!

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मत्स्य महासंघ गांधीसागर के पैकिंग केन्द्र प्रभारी दिनेश ठाकरे ने रविवार शाम को मछलियों से भरी एक पिकअप वाहन को पकड़ा है। शामगढ़ थाने के तहत गोपालपुरा-चंदवासा रोड पर हुई कार्रवाई के दौरान पिकअप में सवार आरोपी भाग निकले। बाद में ठाकरे व महासंघ के कर्मचारियों ने पिकअप को शामगढ़ थाने पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार दिनेश ठाकरे की शिकायत पर पिकअप क्रमांक एमपी 14 जीसी 1311 को जब्त की गई है, जिसमें 3 क्रेटों में मछली पकड़ने का जाल एवं 9 क्रेटों में 300 किलो मछली थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) एवं मत्स्य अधियिम की धारा 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। गौरतलब है कि वर्तमान में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध है, जिस अवधि में गांधीसागर जलाशय से मछली चोरी कर परिवहन की जा रही थी।

# चौदह खिलाड़ियों ने रेफरी कराते सेमिनार की परीक्षा पास की



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्पोटर्स कराते एसोसिएशन के सचिव गगन कुरील ने बताया कि संस्था के 14 खिलाड़ियों ने आई.पी.एस विद्यालय में 28 जुलाई 2024 को संपन्न हुई कराते रेफरी सेमिनार में भाग लेकर श्रेष्ठ अंक लाते हुए सभी खिलाड़ी ने एग्जाम पास कर रेफरी बने। रेफरी सेमिनार इंटरनेशनल रेफरी श्री अभिषेक सिंह राठौड़ द्वारा दिया गया। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं संस्था संरक्षक श्री अनिल कियावत, वरिष्ठ जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रीतिपालसिंह राणा, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्री विजय देवडा, प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी, समाजसेवी श्री विजय कोठारी, आईपीएस स्कूल के प्रबंधक श्री भानुप्रतापसिंह राणा ने इस दौरान एग्जाम प्राप्त करने वाले रेफरियो सर्व श्री आदित्य पिता आनंद चनाल, धवल पिता विनय कुमावत, तुलसी पिता केशवदास बैरागी, यश पिता सुनील हिवे, सोनू पिता ओमप्रकाश मेघवाल, असमा पिता मोहम्मद रफीक, कृष्णा पिता चंद्रशेखर गढ़िया, भूपेंद्र पिता सुनील हिवे, तुषार पिता सत्यनारायण गुर्जर, यश पिता दिलीप सौलंकी, रेहान पिता खालिद शाह, संदीप पिता राजू आर्य, आरती पिता राजू आर्य, आदित्य पिता ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को कार्यक्रम के दौरान शुभकामनाये दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं संस्था संरक्षक श्री अनिल कियावत ने परिक्षा पास करने वाले परिक्षार्थियो को शुभकामनाये देते हुये कहा कि समय-समय पर प्राप्त होने वाला प्रशिक्षण एवं योग्यताये व्यक्ति की कार्यक्षमता बडाती है। मुझे आशा है कि परिक्षा पास करने वाले सभी रेफरी मैचो के दौरान सही एवं सटीक फैसले लेगे। वरिष्ठ जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रीतिपालसिंह राणा ने कहा कि इंडोर खेलो को आमजन के बीच में जाने एवं उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। हमारी जहां भी आवश्यकता लगेगी हम हमेंशा सहयोग के लिये तैयार रहेगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्री विजेन्द्र देवडा ने कहा कि संस्था द्वारा लगातार खेलो से संबंधित गतिविधियां जारी है। रेफरी परिक्षा पास करने वाले सभी प्रतिभागियो को मैं शुभकामनाये देता हूं। इस दौरान जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी, समाजसेवी श्री विजय कोठारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर आफताफ आलम, सुनील जी हीवे ग्वाला, अशोक जी गहलोत, असलम खान, दिनेश जी चंदवानी, दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, निशांत जोशी, शाहिद जी मंसूरी, कमलेश जी डोसी, शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, घनश्याम पुरोहित, श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल ने सभी रेफरी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव श्री गगन कुरील ने किया व आभार आईपीएस विद्यालय के प्रबंधक भानु प्रताप सिंह जी राणा ने माना।

# नगर से मंदसौर पहुंची कावड़यात्रा तो हर्कियाखाल बालाजी गया पैदलयात्रा संघ



**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पिपलिया टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से मंदसौर पशुपतिनाथ मंदिर तक पैदल कावड़यात्रा निकाली। अच्छी बरसात व खुशहाली की कामना को लेकर निकलने वाली कावड़यात्रा ने लगातार 43 वें वर्ष में प्रवेश किया। सावन के द्वितीय सोमवार को टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर पर महाआरती के बाद बैंड-बाजों व ढोल-ढमाकों, डीजे के साथ निकली कावड़यात्रा में नगर के साथ ही आस-पास ग्रामीण क्षेत्र से भी कावड़यात्री शामिल हुए। जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत् किया, वहीं सल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कावड़यात्रियों ने मंदसौर पहुंच भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक कर अच्छी बरसात की कामना की।

**हर्कियाखाल बाजाजी पहुंचे पैदलयात्री:-** अच्छी बरसात व क्षेत्र में खुशहाली की कामना को लेकर रविवार को बैंड-बाजों के साथ टीलाखेडा बालाजी मंदिर से हर्कियाखाल बालाजी मंदिर तक पैदलयात्रा निकली। श्री हर्कियाखाल बालाजी पैदल यात्रा समिति पिपलिया की ओर से आयोजित यात्रा ने लगातार चौथे वर्ष में प्रवेश किया। जगह-जगह पदयात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत् किया। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए।

**पत्रकार हितार्थ समिति ने किया स्वागत:-** नगर से मंदसौर तक निकली कावड़यात्रा व हर्कियाखाल बालाजी तक निकली पदयात्रा का पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवं सामाजिक कल्याण समिति ने पुष्पवर्षा कर स्वागत् किया। संरक्षक मनोहर काबरा, अध्यक्ष जगदीश पंडित, उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रकाश बंसल, सचिव जेपी तेलकार, सदस्य शंभू मेक, राजेश फरक्या उपस्थित रहे।

# जिले से 164 करोड़ का चना, मसूर और सरसों खरीदा सरकार ने

## सबसे कम चना तो सबसे अधिक में बिकी सरसों

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** समर्थन पर खरीदी के दौरान चना, मसूर व सरसों की खरीदी में भी किसानों ने रूचि नहीं दिखाई। रबी सीजन के दौरान गेहूं के बाद सबसे अधिक चने की बोवनी जिले में हुई थी। फिर भी सिर्फ 563 किसानों ने ही पूरे जिले में समर्थन पर चना बेचा। सबसे अधिक सरसों समर्थन पर किसानों ने दिया। तीनों जिंस मिलाकर 164 करोड़ 75 लाख से अधिक की खरीदी सरकार ने समर्थन पर इस साल की। चने का दाम समर्थन से अधिक मंडी में होने के कारण किसानों ने मंडी की ओर रुख किया।

| उपज | किसान संख्या | खरीदी गई उपज |
|---|---|---|
| चना | 563 | 9317.50 |
| मसूर | 3581 | 47250.50 |
| सरसों | 7187 | 215923 |

स्त्रोत–विपणन विभाग

**164 करोड़ 75 लाख 8 हजार 859 का हुआ भुगतान–** जिला विपणन अधिकारी मनीष नागोरी ने बताया कि इस वर्ष समर्थन पर चना, मसूर व सरसों की खरीदी के बाद राशि का भुगतान भी सभी किसानों के खातें में हो चुका है। परिवहन भी हो चुका है। तीनों उपज मिलाकर 164 करोड़ 75 लाख 8 हजार 859 रुपए की खरीदी की है। किसानों को इस राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। सबसे अधिक सरसों 7 हजार 187 किसानों ने समर्थन पर बेचा और चना सिर्फ 563 किसानों ने ही समर्थन पर बेचा। इस साल रबी सीजन की समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान चना 5450, सरसों 5650 व मसूर 6 हजार 25 रुपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदी हुई थी।

# रतलाम में नवदुर्गा माताजी मंदिर में चोरी, सोने-चांदी के जेवर और रुपए ले उड़े

**रतलाम/कालूखेड़ा, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात कोई चोर गिरोह कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडलाराम स्थित नवदुर्गा माताजी मंदिर के चार ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर तथा दानपात्र से करीब दस हजार रुपये चुरा कर ले गए। जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले मंदिर के चैनल गेट का ताला तोड़ा। इसके बाद कांच वाले दरवाजा का ताला भी तोड़ा तथा अंदर घुस गए। अंदर जाने के बाद चोरों ने तीसरे गेट का ताला तोड़कर माताजी व दानपेटी वाले कक्ष में प्रवेश किया।



दानपेटी से रुपये निकाले तथा माताजी की मूर्ति व शेर के शरीर से सोने-चांदी के जेवर चुराकर भाग निकले। पुजारी निर्मला दीदी सोमवार सुबह करीब चार बजे पूजा करने के लिए मंदिर पहुंची तो चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने अन्य लोगों को सूचना दी। कालूखेड़ा थाना प्रभारी नीलम चौंगड़ व अन्य पुलिस अधिकारी, जवान मौके पर पहुंचे तथा जांच की। रतलाम से डाक स्क्वाड (खोजी श्वान) को भी बुलाया गया। डाग स्क्वाड ने आसपास के खेतों में जांच की लेकिन चोरों का पता नहीं चल पाया।

**लाइटें बंद कर दी थी–** निर्मला दीदी ने बताया कि सुबह जब वे पूजा के लिए मंदिर पहुंची तो वहां अंधेरा था। चोरों ने लाइट बंद कर दी थी। एक तलवार मंदिर के बाहर पड़ी हुई अंधेरे में चमक रही थी। वे समझी कि सांप होगा। लाइट चालू की तो पता चला क वह तलवार है तथा गेट के ताले टूटे दिखे। चोर दान पेटी से करीब दस हजार रुपये नकद, माताजी के माथे का सोने का टीका, नथ, पेंडिल सहित दस मोती वाला मंगलसूत्र, चांदी की चेन, दो कड़े, मुकुट, कान के कुंडल, शेर के पैरों में पहनाई गई पायजब सहित चार जोड़ पायजब चुराकर ले गए।

# राजस्व अभियान अंतर्गत ग्रामों में आयोजित हो रहे शिविर

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने तथा राजस्व संबंधित विवादों का निराकरण करने के उद्देश्य से राजस्व अभियान का संचालन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में राजस्व अभियान अंतर्गत विविभन्न ग्रामों शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री, प्रचार-प्रसार, पुरूस्कार की गतिविधियां संचालित की जाएगी। राजस्व महा अभियान के जिले में बी- 1 का वाचन किया गया।

**राजस्व महाअभियान अंतर्गत 31 को निम्न गांवों मे लगेगा कैम्प–** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी- 1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 31 जुलाई को अचेरी, गुराडियादेदा, बुचाखेड़ी, अचेरा, किटीयानी, कायमखेड़ा, कोलवा, चिपलाना, नेतावली एवं भोलिया में कैम्प आयोजित किये जाएगें।

# सभी एसडीएम बाढ़ एवं अति वर्षा के संबंध में प्रत्येक 4 घंटे में रिपोर्ट भेजें-कलेक्टर

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नवीन कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने सभी राजस्व अधिकारियों के साथ ऑनलाइन वीसी के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक के दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ एवं अति वर्षा के संबंध में प्रत्येक 4 घंटे में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ऐसे पुल पुलिया एवं रपट जहां पर वर्षा का पानी पुलिया से उपर जा रहा है, वहां पर लोगों को जाने से रोके। ऐसे स्थानों पर लोगों को रोकने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए। सभी राजस्व अधिकारी आपातकाल स्थिति में तत्काल एसडीएम को सूचित करें। ऐसे क्षेत्र जहां पर पूर्व में बाढ़ का पानी घुस चुका है, उन क्षेत्र को चिन्हित करें तथा निगरानी लगातार करते रहे। लोगों को भी अलर्ट करें। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सभी राजस्व अधिकारी ऑनलाइन वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक के दौरान राजस्व महा अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। कमिश्नर सर द्वारा स्वयं अभियान की समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आरसीएमएस पर दर्ज केस उनकी प्रगति की समीक्षा की जाएगी। समस्त प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करें तथा उनका निराकरण करें। सभी अधिकारी राजस्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करें।

# नवीन कलेक्टर श्रीमती गर्ग प्रेसवार्ता के माध्यम से पत्रकारों से रूबरू हुई

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नवीन कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने सुशासन भवन स्थित सभा कक्ष में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान सभी पत्रकारों ने अपना- अपना परिचय दिया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा की पत्रकारों के साथ संवाद का माध्यम हमेशा खुला रहेगा। जनता को समस्या हो तो उस समस्या से कभी भी अवगत करा सकते हैं। जिले में और बेहतर काम हो इसके लिए बेहतर प्रयास किए जाएंगे। कामों की लगातार समीक्षा की जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिले के सभी मीडिया गण मौजूद थे।

# आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा बैठक आज

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अतिवृष्टी एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट2र श्री दिनेश जैन की अध्य क्षता में आज 30 जुलाई 2024 को दोपहर 2 बजे अधिकारियों की एक बैठक कलेक्टो रेट सभाकक्ष में रखी गई है। अपर कलेक्टहर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों को आपदा प्रबंधन सम्बं धी जानकारी के साथ इस बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## ✻ शव यात्रा ✻



मेरी धर्मपत्नी व गंगासागर बिसानी की भाभीजी व महावीर बिसानी (माहेश्वरी) की पूज्यमाताजी श्रीमती पार्वती जी बिसानी का आकस्मिक निधन दिनांक 29/07/2024 सोमवार को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 30/07/2024 मंगलवार को प्रात: 10 बजे निज निवास शिक्षक कालोनी जैन धर्मशाला के पास से टीलाखेड़ा स्थित मुक्ति धाम जायेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
राजू बिसानी (माहेश्वरी)
बिसानी परिवार
फर्म महावीर इलेक्ट्रीक, मनासा रोड पिपलिया मंडी

## ✻ उठावना ✻



स्व.श्री सत्यनारायण जी फरक्या के सुपुत्र, स्व. भावना, साधना एवं स्व. नितिन के पिताजी, अशोक, जगदीश, सुरेश एवं प्रदीप के बड़े भाई, अंकित एवं अदिति के बड़े पापा, तनय एवं नक्ष के दादा जी श्री शिव कुमार जी फरक्या का स्वर्गवास दिनांक 29/07/2024 सोमवार को हो गया है जिनका उठावना दिनांक 30 जुलाई 2024 मंगलवार दोपहर 1 बजे पोरवाल छात्रावास रामटेकरी मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त फरक्या एवं मजावदिया परिवार रामपुरा, मन्दसौर

## साठ लाख रुपए उद्यान शाखा... पेज 1 से जारी

संसाधनों से लेकर अन्य उपकरण व झूले-चकरी जैसे साधन नहीं है तो पेड़-पौधों से लेकर हरियाली ओर घास नहीं है और ना ही उद्यानों में पौधों के लिए कभी खाद-बीज खरीदकर इन्हें दिया जाता है। कुछ उद्यानों तक ही नपा सिमटकर रह गई है। बदहाल हो रही उद्यानों की ओर कोई झांक तक नहीं रहा है। इसी कारण यहां की दूर्दशा दूर नहीं हो रही है।

**उद्यान तो है लेकिन कर्मचारी लापता, ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे–** शहर में उद्यान तो बहुत सारे है। कुछ अपवाद छोड़ दे तो हरियाली ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे है तो घास भी नहीं है और ना ही फूल व झूले दिख रहे है। बस बनाने के बाद इन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया। ऐसे में यहां कोई बैठने और घुमने तो दूर झांकने भी नहीं पहुंच रहा है। उद्यानों की संख्या का देख कर्मचारियों का अमला बहुत कम है इस पर कर्मचारियों के साथ संसाधन ओर बजट बढ़ाने की जरुरत है लेकिन इस पर अब तक किसी ने सोचा नहीं। विडबंना यह है कि जो कर्मचारी उद्यान शाखा में रिकार्ड में दर्ज है वह भी ढूंढने से भी नहीं मिलते।

**46 कर्मचारी, उद्यानों में काम कर रहे मात्र 15 से 20–** शहर में बढ़ती कॉलोनियों के बीच आबादी के साथ क्षेत्रफल बढ़ने के साथ उद्यानों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है लेकिन इनमें सुविधाओं से लेकर हरियाली सहित संसाधनों का अभाव है। अधिकांश उद्यानों के हालात एक से है। ना हरियाली है और ना ही फूल तो सूखते पौधें और विरान पड़े उद्यानों से लेकर घास भी नहीं है और जहां है वहा भी रखरखाव नहीं हो पा रहा है। प्रकाश व्यवस्थाओं का भी इसमें अभाव है। 450 उद्यान है लेकिन इन पर मात्र 46 कर्मचारी है। और इन उद्यानों पर मात्र 15 से 20 कर्मचारी काम कर रहे है। नपा के उद्यान शाखा के अधिकांश कर्मचारी नपा के उद्यानों को भले ही नहीं संवार पा रहे हो लेकिन, जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन के नेताओं अधिकारियों के बंगलों पर स्थिति उद्यानों से लेकर वहां के का बखूबी कर रहे है।



## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने चार संस्थानों से लिए सेम्पल

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 29 जुलाई सोमवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 29 जुलाई सोमवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के पटेल सा होटल से पनीर का नमूना, किशन कन्हैया दूध भंडार से दो दूध के नमूने, श्री देव रेस्टोरेन्ट से लच्छा पाक, प्रिया फूडस से मैंथी मसाला खाखरा के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

# स्कूल परिसर में कीचड़ से परेशान छात्र-छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन



**नगरी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बारिश के दौरान कीचड़ होने से छात्र परेशान हे। कीचड़ की समस्या से निजात के दिलाने के लिए सोमवार को छात्रों ने नगर परिषद जाकर सीएम ओ धर्मचंद जेन को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि स्कूल परिसर में काली चिकनी मिट्टी है। जिससे भयंकर परेशानी आ रही है। स्कूल परिसर में जहां से इंटर होते हैं वहीं से कीचड़ का सामना करना पड़ाता हे। जुतो में कीचड़ लगने से स्कूल भवन में कीचड़ फेल जाता है। स्कूल परिसर के साथ ही स्कूल तक पहुंच के करीब 150फीट तक के पुरे रास्ते में ही फेली कीचड़ में स्लिप हो कर छात्र गीर रहे हैं। साथ ही स्कूल परिसर में दो पहिया वाहन लाने में दिक्कत हो रही है। ज्ञापन सौंपाने के दौरान कक्षा 12 के छात्र आदित्य, शेलेदृ, नारायण, आशुतोष, किरण, गोकुल, शिवम्, मनोहर, ओर वंशिका सहित 50 से ज्यादा छात्र उपस्थित थे। इस संबंध में नप सीएम ओ धर्मचंद जेन कहा कि स्कूल के छात्रो दूवारा स्कूल परिसर में कीचड़ की परेशान की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा है, बारिश थमने के बाद मुरम डालने की योजना है।

# लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर पंचायत सचिव निलंबित

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद द्वारा ग्राम पंचायत भमेसर के सचिव श्री मुकेश पाराशर को संबल योजनान्तर्गत अंत्येष्टी सहायता राशि, स्वयं आहरण कर हितग्राही को भुगतान नहीं करने एवं अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर म.प्र.पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम-1999 के भाग-दो अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत मनासा नियत रहेगा।

उल्लेखनीय है, कि पंचायत सचिव श्री मुकेश पाराशर ने ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण संबंधी कोई तैयारी नहीं की। ग्राम पंचायत में अंकुर उपवन में वृक्षारोपण हेतु तार फेंसिंग एवं पौधों की व्यवस्था भी नहीं की। इस प्रकार श्री पाराशर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की गई। भ्रमण के दौरान ग्राम ब्रह्मपुरा के निवासी प्रहलाद बंजारा द्वारा सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज की गई। जिसके निराकरण हेतु शिकायतकर्ता प्रहलाद बंजारा से संपर्क किया तो पाया गया, कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत सत्य है। शिकायतकर्ता के पिता लक्ष्मण बंजारा की मृत्यु हेतु संबल योजनान्तर्गत अंत्येष्टी सहायता राशि श्री पाराशर सचिव द्वारा आहरण कर ली गई है, जो कि हितग्राही प्रहलाद बंजारा को भुगतान नहीं की गई है। इस प्रकार सचिव व्दातरा वित्तीय अनियमितता की गई है। ग्राम पंचायत भमेसर में स्वीशकृत वर्ष 2016-17 में लीकृत आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य अपूर्ण है। उक्त निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। इस प्रकार सचिव श्री पाराशर द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही करने से उन्हेंइ निलंबित करने की अनुशंसा जनपद सीईओ व्दारा की गई है।

## अब शहर में नहीं दिखते सहायता... पेज 1 से जारी

के निकट पूर्व में दोस्त चौकी हुआ करती थी। यहां दोपहर और रात्रि में पुलिसकर्मी तैनात किए जाते रहे थे। पूर्व में यह दोस्त चौकी पशुपतिनाथजी महादेव मेला लगने के दौरान सक्रिय हुआ करती थी। लेकिन, अब तो दोस्त चौकी को भूला दिया गया है। जो भवन बना है, वह सूनसान है। यहां कब्जा ना हो जाए, इसका भी ध्यान रखने की जरूरत महसूस हो रही है। बता दें कि इसी क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व ही गोलीचालन की घटना हो चुकी है।

**रात्रि गश्त पर उठे सवाल, सराफा एसोसिएशन ने की थी मांग–** नेहरु बस स्टैंड क्षेत्र में पिछले दिनों में कई बार चोरियां हो चुकी है। छोटी-मोटी चोरी पर तो दुकानदार शिकायत तक नहीं करते हैं। वहीं अक्सर कोतवाली में छोटी चोरियों की शिकायतों में टालमटोल किया जाता रहा है। इन घटनाओं के बावजूद रात्रि गश्त पुख्ता नहीं हुई है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व सराफा व्यापारी के दशरथ नगर स्थित घर पर बड़ी चोरी हुई थी, तब सराफा एसोसिएश्यान के अध्यक्ष उमेश पारिख ने रात्रि गश्त पर सवाल उठाए थे, कहा था कि गश्त सही नहीं हो पा रही है।

## कलेक्टर अदिति गर्ग ने संभाली... पेज 1 से जारी

पर खुशी है। बताते हैं कि अदिति गर्ग के पिता ओपी गर्ग पुलिस विभाग में महानिदेशक के पद पर रह चुके हैं। मंदसौर कलेक्टर नियुक्त होने के पूर्व अदिति गर्ग भोपाल में उप सचिव मुख्यमंत्री तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं मध्य प्रदेश भोपाल में पदस्थ थी। वे 2015 बैंच की आईएएस अधिकारी है। पदभार ग्रहण के समय सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, डीएफओ संजय रायखेड़े, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल उपस्थित थे। नवागत कलेक्टर गर्ग ने सुशासन भवन में स्थित कार्यालयों का अवलोकन भी किया। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी अवलोकन किया तथा शाखाओं के कामकाज के बारे में विस्तार से जाना। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की एवं उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जाते हैं, इनके संबंध में जानकारी ली।

## शिवना नदी में जल प्रवाह... पेज 1 से जारी

गए। सोमवार सुबह आठ बजे तक चौबीस घंटे में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई। सोमवार को सुबह बादल छाए रहे। इसके बाद धूप खिल गई। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। सबसे बड़ी राहत की बात है कि शिवना में पानी की आवक बढ़ गई है। छोटी पुलिया से पानी बह रहा है। सुबह से शिवना का जलस्तर लगातार बढ़ता रहा था। उम्मीद थी कि शिवना शिव के गर्भगृह में प्रवेश कर लेगी। हालांकि दोपहर में पानी का स्तर गिरना शुरु हो गया। छोटी पुलिया जलमग्र रही। यहां सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवान भी तैनात किए गए है। इधर कालाभाटा बांध में पानी की आवक बढ़ गई। जिसके बाद यहां चार गेट खोल दिए गए है। सुबह नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जलकल सभापति निलेश जैन सहित अन्य नपा के जनप्रतिनिधि कालाभाटा डेम पहुंचे। यहां शिवना मैया का पूजन अर्चना किया गया। जिले में पिछले 24 घण्टों में डेढ़ इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

**जिले में औसत बारिश 15.89 इंच तक पहुंची–** जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 15.89 इंच तक पहुंच गया है। बीती रात रुक–रुक कर तेज बारिश होती रही। आईएमडी, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, लो प्रेशर सिस्टम की एक्टिविटी और मानसून ट्रफ प्रदेश से गुजरने से तेज बारिश का दौर बना हुआ है। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से फिर से तेज बारिश शुरू होगी। 31 जुलाई या 1 अगस्त से स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा।

## नगर में चोरों की चहलकदमी... पेज 1 से जारी

को कहा कि यह घटना आपके लिए एक चेलेंज है। इसका जल्द पता लगाओ। क्षेत्र में इससे पहले भी कई वारदातें हुई लेकिन, शासन और प्रशासन ने आश्वसन के अलावा कुछ नहीं दिया। आम जन में भी अपराधों में बढ़ती चोरी की वारदातों से भय बना हुआ है। शासन की प्रशासन पर ढीली पकड़ से चोरों के हौसले बुलंद है। नगर में तीन जगह ताले टूटे और दो जगह चोरी की वारदात हुई। लेकिन, थाना पर प्रभारी के अनुसार केवल एक ही जगह से सामान ले जाया गया।

**इनका कहना–** एक मोबाइल की दुकान से मोबाईल और घड़ियां चोर ले गए है। कुछ लोगो पर शंका है। जांच चल रही है।

**कमलेश प्रजापति, निरीक्षक थाना सुवासरा**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in